निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं के आधार पर तालिका भरें।

- पश्चातापग्रस्त
- दोस्ताना
- ईर्ष्यालु
- झूठा
- सहानुभूतिवाला

उत्तर:

बड़ा भाई	छोटा भाई
दोस्ताना	पश्चातापग्रस्त
सहानुभूतिवाला	ईर्ष्यालु
	झूठा

कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैंने भाई का चेहरा देखा। वे मेरी ओर देख रहे थे। उनकी आँखें लाल थीं और उनमें करुणा और कातरता थीं, जैसे वे मुझसे याचना कर रहे हों कि में सच बोल दूं। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उन्हें सज़ा मिल चुकी थी। फिर इतनी जल्द बात को बिलकुल बदलना मुझे संभव भी नहीं लग रहा था। क्या पता, पिताजी फिर मुझे ही मारने लगते। में डर रहा था।

i. यह किस कहानी का अंश है?

उत्तर:

उदय प्रकाश की 'अपराध' कहानी का।

ii. बड़े भई की आँखों में कौन-सा भाव था?

उत्तर:

करुणा और कातरता थीं।

iii. छोटा भाई क्यों डर रहा था?

उत्तर:

छोटे भाई ने जो बात बताई थी उसे जल्द बिलकुल बदलना उसे संभव नहीं लग रहा था। इसलिए पिताजी सच जानते समय छोटे भाई को भी पिताजी से मार मिलने की संभावना थी। इन बातों से छोटा भाई डर रहा था।

iv. उस दिन के छोटे भाई की डायरी लिखें।

उत्तर:

25 मार्च 2016

शहडोल :

आज मेरे लिए बिलकुल बुरा दिन था। मैंने झूठ बोलकर बड़े भाई को पिताजी के सामने अपराधी बनाया। बेचारा भाई! उनकी आँखें उस समय लाल हो गयी थीं। उनमें करुणा और कातरता थीं। वे मुझसे मौन याचना कर रे थे कि मैं पिताजी से सच बोल दूं। लेकिन मुझसे वह नहीं कर पाया। बड़े भाई को पिताजी से मेरे झूठ से सजा मिल गया। मैं विवश हो गया था। जल्द बात को बिलकुल बदलना मुझे संभव भी नहीं लग रहा था। मुझे यह डर भी था कि पिताजी मुझे सच जानते समय बुरी तरह मारेंगे।

हे भगवान! मुझसे बड़ा अपराध हो गया। मुझे क्षमा कर । भाई को अनुग्रह दे। मुझे नींद नहीं आती। मेरा मन बहुत व्याकुल है।